दिल्ली
Delhi

## तमिलनाडु : 11 लाख रुपये के नकली नोट बरामद, दो गिरफ्तार



**चेन्नई:** तमिलनाडु पुलिस ने 11 लाख रुपये के नकली नोट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. इस सिलसिले में पुलिस ने एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया. वहीं दो लोगों से पूछताछ कर रही है, जिसमें एक विदेशी महिला भी शामिल है.

पुलिस ने दो दिन पूर्व ट्रिप्लिकेन इलाके में एक निजी लॉज में 11 लाख रुपये के नकली नोट के साथ 37 वर्षीय शफीक रहमान को गिरफ्तार किया.

मामले में गिरफ्तार व्यक्ति से बाद में की गई पूछताछ के बाद पुलिस ने तंजावुर जिले के मूल निवासी रविचंद्रन (40) को गिरफ्तार कर लिया है. बता दें कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के पास से करीब 11 लाख रुपये के नकली नोट के अलावा यूरो नोट जब्त किए हैं.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/bharat/police-arrested-two-persons-in-rs-11-lakhs-fake-currency-in-chennai-tami-nadu-hin26071703595